उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## गुरूवार, 03 पौष, शक संवत्, 1931

**( दिनांक : 24 दिसम्बर, 2009 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"** तथा **"ग"**)।

3. निधन के निदेश।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी

5. सभापति, लोक लेखा समिति (2009-2010), उत्तराखण्ड द्वितीय विधान सभा की लोक लेखा समिति का सप्तम प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

6. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

7. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

8. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

9. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

10. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद अधिनियम, 1965) (संशोधन) विधेयक, 2009 पर विचार किया जाय (10 मिनट)।

11. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद अधिनियम, 1965) (संशोधन) विधेयक, 2009 पारित किया जाय।

12. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश विशिष्ट क्षेत्र विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1986) (संशोधन) विधेयक, 2009 पर विचार किया जाय (10 मिनट)।

13. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश विशिष्ट क्षेत्र विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1986) (संशोधन) विधेयक, 2009 पारित किया जाय।

14. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973) (संशोधन) विधेयक, 2009 पर विचार किया जाय (10 मिनट)।

15. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973) (संशोधन) विधेयक, 2009 पारित किया जाय।

16. श्री पुष्पेश त्रिपाठी, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 27 फरवरी, 2009 को प्रस्तुत निम्न संकल्प पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तराखण्ड प्रदेश की राजधानी चन्द्रनगर (गैरसैंण) घोषित की जाय"

17. निम्नलिखित संकल्प का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा:-

श्री अजय टम्टा "यह माननीय सदन प्रबल सिफारिश करता है कि प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थिति के दृष्टिगत तथा प्रशासनिक दृष्टि से जन सामान्य को सुविधा प्रदान किये जाने हेतु प्रदेश में वर्तमान विकास खण्डों की संख्या को बढ़ाते हुए नए विकास खण्डों के सृजन पर गंभीरता से विचार किया जाय, विशेषकर जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत मछखाली, मझोड़, जालली, सोमेश्वर नये विकास खण्ड बनाये जाने तथा प्रदेश में लगभग 30 नये विकास खण्डों का निर्माण किए जाने हेतु शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाय।"

18. गढ़वाल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी बी0एड0 कालेजों में वर्ष 2007-2008 तथा 2008-2009 में कट आफ मैरिट से नीचे अंक पाने वाले छात्र छात्राओं को प्रवेश दिये जाने से आरक्षित वर्ग के पात्र छात्र-छात्राओं के लिए आरक्षित स्थान सामान्य वर्ग को दिये जाने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में दिनांक 20 जुलाई, 2009 को पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-18 के सम्बन्ध में श्री बृज मोहन कोटवाल, सदस्य विधान सभा द्वारा दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

19. उत्तराखण्ड में निजी नर्सिंगहोम्स में मरीजों के संबंधियों द्वारा चिकित्सकों से दुर्व्यवहार एवं तोड़-फोड़ की घटनाओं को रोकने के लिए कानून बनाये जाने के संबंध में दिनांक 21 दिसम्बर, 2009 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-17 के सम्बन्ध में डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल, सदस्य विधान सभा द्वारा दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

20. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य विधान सभा द्वारा निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा :-

"यह सदन केन्द्र सरकार से संस्तुति करता है कि उत्तराखण्ड में जनपद नैनीताल के अन्तर्गत रामनगर से जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत चौखुटिया तक रेलवे लाईन बिछाई जाय ताकि उक्त सुदूर क्षेत्रों का समग्र विकास हो सके।"

21. श्री जोत सिंह गुनसोला, सदस्य विधान सभा द्वारा निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा :-

> ''प्रदेश में पर्यटन की अपार सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए आधुनिक पर्यटन के नये आयाम तलाशे जाएं।''

22. श्री डा0 हरक सिंह रावत, नेता प्रतिपक्ष, विधान सभा द्वारा निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा :-

> ''यह सदन केन्द्र सरकार से सिफारिश करता है कि उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड के सीमावर्ती जनपद बिजनौर के 61 ग्राम पंचायतों को उत्तराखण्ड राज्य में शामिल किया जाय।''

23. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

24. उत्तर प्रदेश सचिवालय की भांति उत्तराखण्ड सचिवालय में सहायक समीक्षा अधिकारियों के संशोधित/उच्चीकृत वेतनमान को लागू किये जाने के संबंध में श्री दिनेश अग्रवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 22 दिसम्बर, 2009 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

25. राज्य के प्रान्तीय रक्षक दल (पी0आर0डी0) जवानों की विभिन्न समस्याओं एवं नया उत्तराखण्ड पी0आर0डी0 एक्ट बनाये जाने के संबंध में श्री हरिदास, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 22 दिसम्बर, 2009 को नियम-53 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का केवल वक्तव्य।

26. जन-गण-मन। (देखिए नत्थी **"घ"**)

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 24 दिसम्बर, 2009**

**(महेश चन्द्र)**
**सचिव।**

तृतीय सत्र, 2009
का प्रथम गुरूवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## गुरूवार, 03 पौष, शक संवत्, 1931

## ( दिनांक : 24 दिसम्बर, 2009 )

## नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>15.12.2009 | ** क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कुम्भ मेला निर्माण कार्यो के अन्तर्गत हरिद्वार में कितने प्रतिशत और कौन–कौन से स्थायी निर्माण कार्य तिथि पर्यन्त पूर्ण हो चुके हैं? क्या मंत्री जी पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखने का कष्ट करेंगे? | **नगर विकास** |

# नत्थी "ख"

**उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत प्रथम गुरूवार हेतु स्थगित तारांकित प्रश्न**

| | | | |
|---|---|---|---|
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>19.06.2009 | *1. | क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2008–09 में अब तक टी0डी0सी0 द्वारा कितना गेहूं के बीज का क्रय किया गया एवं उसके सापेक्ष 31 दिसम्बर, 2008 तक कितने बीज की बिक्री हुई तथा 10 जनवरी, 2009 के पश्चात कितनी बिक्री हुई? | **कृषि** |

# नत्थी "ग"

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>26.10.2009 | *1. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में कृषि योग्य भूमि की मृदा में पोषक तत्वों की कमी हो गयी है? क्या यह सत्य है कि पोषक तत्वों की कमी के कारण कृषि उत्पादन में इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए कोई उपाय कर रही हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **कृषि** |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>28.10.2009 | *2. क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में पालतू पशुओं (दुधारू पशुओं) की 17 वीं पशुगणना के सापेक्ष 18 वीं पशुगणना में दुधारू पशुओं की संख्या में वृद्वि हुई है? यदि नहीं, तो क्यों? | **पशुपालन** |
| श्री प्रीतम सिंह<br>05.11.2009 | *3. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सरकार पंचायती राज अधिनियम बनाने पर विचार कर रही हैं? यदि हां, तो कब तक उक्त अधिनियम बना लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **पंचायती राज** |
| **श्री मयूख महर<br>06.11.2009** | *4. **एक से अधिक विभागों से सम्बन्धित होने के आधार पर निरस्त।** | जनगणना |

# स्थगित अतारांकित प्रश्न

श्री प्रीतम सिंह
19.06.2009

**1.** क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत की बैठकों में किस स्तर तक के अधिकारी/कर्मचारी हिस्सा लें सकते हैं? क्या अधिकारी/कर्मचारी जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत की बैठकों में सुचारू रूप से हिस्सा लेते हैं? यदि नहीं, तो क्यों? क्या जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत की बैठकों से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्व सरकार द्वारा कोई कार्यवाही की गई है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

**पंचायती राज**

# अतारांकित प्रश्न

श्रीमती अमृता रावत
30.09.2009

**1.** क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा के तृतीय सत्र, 2008 के अतारांकित प्रश्न संख्या 20 के उत्तर में बहेड़ाखाल के समीप 5 किमी0 के परिधि में पड़ने वाले गांवों में पशुधन की संख्या 1669 बताई गई है तथा द्वितीय सत्र, 2009 के अतारांकित प्रश्न संख्या 17 के उत्तर में बहेड़ाखाल के समीप, 5 किमी0 की परिधि में पड़ने वाले गांवों में पशुधन की संख्या 3088 बताई गई है? यदि हां, तो बहेड़ाखाल के समीप 5 किमी0 परिधि के अन्तर्गत पड़ने वाले गांवों तथा पशुधन संख्या में व्यापक अन्तर होने का कारण क्या है और गलत सूचना/उत्तर देने के प्रति कौन उत्तरदायी है? उक्त पशुधन गणना कब और किस–किस अधिकारी द्वारा किसकी उपस्थिति में करवाई की गई है तथा बहेड़ाखाल से 5 किमी0 पैदल परिधि के अन्तर्गत पड़ने वाले गावों के नाम तथा पशुधन की वास्तविक गणना क्या है?

**पशुपालन**

श्री मनोज तिवारी
29.10.2009

**2.** क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत पशु पालन विभाग भैसोड़ा फार्म अल्मोड़ा में लगभग 15–20 वर्षो से कार्य कर रहे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**पशुपालन**

श्री मयूख महर
29.10.2009

**3.** क्या कारागार मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पिथौरागढ़ में बन रही जिला जेल का निर्माण कार्य किन कारणों से बन्द है तथा अब तक निर्माण कार्य में कुल कितना धन खर्च किया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त कार्य को पूर्ण करने में और कितने धन की आवश्यकता होगी एवं उक्त कार्य कब तक पूर्ण किया जायेगा?

**कारागार**

| | | |
|---|---|---|
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>04.11.2009 | **4.** क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि टी0डी0सी0 की वर्ष 2007–08 व 2008–09 में ब्याज एवं ह्रास से पहले पूर्ण शुद्ध लाभ की क्या स्थिति थी और वर्ष 2008–09 की स्थिति क्या है? ह | **कृषि** |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>09.11.2009 | **5.** क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि जनपद उधमसिंह नगर के तहसील खटीमा में बहने वाली परवीन नदी के कारण ग्राम झनकट, वानूसा, पुरनापुर नौसर, भगचुरी जादौपुर, सुनपहर, मजगमी ढाह, ढाकी आदि अनेक ग्रामों की सैकड़ों एकड़ कृषि योग्य भूमि प्रतिवर्ष कट रही हैं? यदि हां, तो क्या सरकार जनपद उधमसिंह नगर की तहसील खटीमा की कृषि योग्य भूमि के कटाव को रोकने के लिए क्या कदम उठा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **कृषि** |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>10.11.2009 | **6.** क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि जनपद उधमसिंह नगर के तहसील खटीमा एवं सितारगंज में रवी एवं खरीफ की फसल की बुवाई के समय प्रति वर्ष रासायनिक खाद ( एन0पी0के0डी0ए0पी0 तथा यूरिया) की कमी हो जाती है जिससे दोनों फसलों की पैदावार में प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हैं? यदि हां, तो क्या सरकार जनपद उधमसिंह नगर तहसील खटीमा एवं सितारगंज के कृषकों हेतु रासायनिक खाद एन0पी0के0डी0ए0पी0 तथा यूरिया की समुचित व्यवस्था करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **कृषि** |

उत्तराखण्ड विधान सभा

# नत्थी "घ"

# राष्ट्र-गान

जन-गण-मन-अधिनायक जय हे।

भारत-भाग्य-विधाता।।

पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा

द्राविड़-उत्कल-बंग।

विन्ध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा,

उच्छल-जलधि-तरंग।।

तव शुभ नामे जागे,

तव शुभ आशिष मांगे।।

गाहे तव जय गाथा।।

जन-गण-मंगलदायक जय हे,

भारत-भाग्य-विधाता।।

जय हे, जय हे, जय हे,

जय जय जय, जय हे।।